# भारत और वियतनाम संबंध

## प्रिलिम्स के लिये:

हिंद महासागर क्षेत्र, आईएनएस कृपाण, मानवीय सहायता और आपदा राहत, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी, मेकांग-गंगा सहयोग, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार, एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग, संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि

## मेन्स के लिये:

भारत और वियतनाम के बीच सहयोग के क्षेत्र

## चर्चा में क्यों?

भारत ने **वियतनाम को स्वदेश निर्मित इन-सर्विस मिसाइल कार्वेट आईएनएस कृपाण (INS Kirpan)** उपहार में दिया है। यह रक्षा सहयोग को सुदृढ़ करने तथा हिंद महासागर क्षेत्र में **वियतनाम के 'पसंदीदा सुरक्षा भागीदार' (Preferred Security Partner)** के रूप में अपनी भूमिका को मज़बूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## INS कृपाण:

- INS कृपाण एक **खुखरी श्रेणी की मिसाइल कार्वेट** है जिसे **12 जनवरी, 1991** को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।
- खुखरी श्रेणी के कार्वेट किर्लोस्कर समूह द्वारा लाइसेंस के तहत भारत में असेंबल किये गए**डीज़ल इंजन** से सुसज्जित हैं। **जहाज़ का लगभग 65% भाग स्वदेशी है।**
- इसकी गति 25 समुद्री मील से अधिक है तथा यह विभिन्न हथियारों से सुसज्जित है जो इसे**तटीय तथा अपतटीय गश्त, सतह युद्ध, तटीय सुरक्षा,** समुद्री डकैती विरोधी और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत **(Humanitarian Assistance and Disaster Relief- HADR) संचालन** सहित कई भूमिकाएँ निभाने में सक्षम बनाता है।




//

## भारत और वियतनाम के बीच सहयोग के क्षेत्र:

- **परिचय**:
  - भारत ने **वर्ष 1956 में ही हनोई में महावाणिज्य दूतवास कार्यालय** की स्थापना कर दी थी।
    - वियतनाम ने वर्ष 1972 में अपना राजनयिक मिशन स्थापित किया।
  - भारत-अमेरिका संबंधों में कड़वाहट की आशंका की परवाह किये बिना भारत, **वियतनाम में अमेरिकी हस्तक्षेप के विरोध में वियतनाम के** साथ खड़ा था
    - भारत **अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षण और नियंत्रण आयोग (International Commission for Supervision and Control- ICSC) का अध्यक्ष** था जिसका गठन वियतनाम में शांति प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिये वर्ष **1954 के जिनेवा समझौते** के अनुसार किया गया था।
  - वर्ष 1992 में [भारत और वियतनाम]() ने तेल अन्वेषण, कृषि एवं विनिर्माण सहित **व्यापक आर्थिक संबंध स्थापित किये।**
  - जुलाई 2007 में दोनों देशों के बीच संबंध **'रणनीतिक साझेदारी'** के स्तर तक पहुँचे।
  - वर्ष 2016 में द्विपक्षीय संबंधों को **"व्यापक रणनीतिक साझेदारी"** तक बढ़ाया गया।
- **आर्थिक सहयोग:**
  - [मेकांग-गंगा सहयोग]() **(Mekong-Ganga Cooperation- MGC):** MGC के सदस्यों के रूप में भारत एवं वियतनाम, **भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों** के बीच संबंधों को बढ़ाने एवं विकास सहयोग को बढ़ावा देने के लिये काम कर रहे हैं।
  - **व्यापार और निवेश:** वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत एवं वियतनाम के बीच द्विपक्षीय व्यापार में 27% की वृद्धि दर्ज की गई तथा यह **14.14 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुँच गया।
    - भारत, **वियतनाम के शीर्ष 8 व्यापारिक साझेदारों** में से एक है, जबकि वियतनाम, **भारत का 15वाँ** और दक्षिण-पूर्व एशिया में चौथा **सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार** है।
  - **क्षमता निर्माण:** भारत, वियतनाम को **भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC)** के तहत प्रशिक्षण एवं छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जो वियतनाम के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान करता है।
- **राजनीतिक समर्थन:** भारत और वियतनाम ने वैश्विक सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों एवं संगठनों में एक-दूसरे का समर्थन किया है।

- वियतनाम ने **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) का स्थायी सदस्य बनने और एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC)** में **शामिल होने के भारत के प्रयास का समर्थन** किया है।

- **बहुपक्षीय सहयोग:**
  - भारत और वियतनाम **संयुक्त राष्ट्र एवं विश्व व्यापार संगठन** के अतिरिक्त **आसियान, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, एशिया-यूरोप मीटिंग (ASEM)** जैसे विभिन्न क्षेत्रीय मंचों पर निकटता से सहयोग करते हैं।
- **रक्षा सहयोग:**
  - **हाई-स्पीड पेट्रोल बोट्स:** सितंबर 2014 में भारत ने वियतनामी सीमा रक्षक बल के लिये 12 हाई-स्पीड पेट्रोल बोट्स की खरीद हेतु **100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की क्रेडिट लाइन (LoC)** बढ़ाई।
    - वर्ष 2016 में वियतनाम के लिये रक्षा क्षेत्र में अतिरिक्त 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की LoC का विस्तार किया गया था।
    - इसके अतिरिक्त **वर्ष 2030 तक भारत-वियतनाम रक्षा साझेदारी** पर संयुक्त दृष्टि वक्तव्य (Joint Vision Statement) पर जून 2022 में हस्ताक्षर किये गए थे।
  - वियतनाम-भारत द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास: **Ex VINBAX**
- **समुद्री सुरक्षा और सहयोग:**
  - **नेविगेशन की स्वतंत्रता:** दोनों देश अंतर्राष्ट्रीय कानूनों, विशेष रूप से **UNCLOS** में नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता के साथ-साथ **राष्ट्रीय जल क्षेत्र के माध्यम से व्यापार के संचालन** का दृढ़ता से समर्थन करते हैं।
  - **दक्षिण चीन सागर पर आचार संहिता:** भारत और वियतनाम इस बात पर ज़ोर देते हैं कि **दक्षिण चीन सागर पर आचार संहिता की** प्रासंगिकता संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनों के अनुरूप होनी चाहिये और इस परिचर्चा में भाग नहीं लेने वाले देशों के वैध अधिकारों और हितों का सम्मान किया जाना चाहिये।

## वियतनाम के बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य:

- **स्थिति:** यह दक्षिण-पूर्व एशिया, उत्तर में चीन, उत्तर-पश्चिम में लाओस, दक्षिण-पश्चिम में कंबोडिया और पूर्व तथा दक्षिण में दक्षिण चीन सागर से घिरा हुआ है।
- **राजधानी:** हनोई
- **सबसे बड़ी नदियाँ:** दक्षिण में मेकांग और उत्तर में रेड, जो दक्षिण चीन सागर में जाकर मिलती हैं।
- **मुद्रा:** वियतनामी डोंग (VND)
- **स्वतंत्रता: 2 सितंबर, 1945 को फ्राँसीसी औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता** की घोषणा की गई।
- **ऐतिहासिक घटनाएँ:** वियतनाम युद्ध (वर्ष 1955-1975) जिसमें **अमेरिका और उत्तर तथा दक्षिण वियतनाम** शामिल थे, वर्ष 1976 में उत्तर एवं दक्षिण वियतनाम का एकीकरण।
- **फेस्टिवल**: टेट गुयेन डैन (लुनार नव वर्ष) और वु लैन (हंग्री घोस्ट फेस्टिवल)।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. मेकांग-गंगा सहयोग जो कि छह देशों की एक पहल है, का निम्नलिखित में से कौन-सा/से देश प्रतिभागी नहीं है/हैं? (2015)**

1. बांग्लादेश
2. कंबोडिया
3. चीन
4. म्याँमार
5. थाईलैंड

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 1, 2 और 5

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2020)**

**नदी में जाकर मिलती है**

1. मेकांग - अंडमान सागर
2. थेम्स - आयरिश सागर
3. वोल्गा - कैस्पियन सागर

4. ज़म्बेज़ी - हिंद महासागर

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 4

**उत्तर: (c)**

- मेकांग नदी का उद्गम स्थल तिब्बती हाइलैंड्स का बर्फीला क्षेत्र है, यह वियतनाम में एक विस्तारित डेल्टा बनाने और **दक्षिण चीन सागर** में गिरने से पहले, निचले बेसिन के देशों- म्याँमार, लाओस, थाईलैंड और कंबोडिया से होते हुए चीन की खड़ी घाटी से बहती है जिसे ऊपरी बेसिन के रूप में जाना जाता है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- इंग्लैंड की सबसे लंबी थेम्स नदी कॉटस्वॉल्ड से उत्तरी सागर तक 215 मील प्रवाहित होती है। टेम्स की मुख्य सहायक नदियाँ- बस्कट, रीडिंग और किंग्स्टन हैं। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- वोल्गा नदी, यूरोप की सबसे लंबी नदी है, जो कज़ाखस्तान की सीमा के दक्षिण में कैस्पियन सागर के डेल्टा के साथ प्रवाहित होते हुए रूस से होकर गुज़रती है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- ज़म्बेज़ी अफ्रीका में कांगो/ज़ैरे, नील और नाइजर के बाद चौथी सबसे बड़ी नदी है। यह उत्तर-पश्चिमी ज़ाम्बिया में कालेन पहाड़ियों से निकलती है तथा हिंद महासागर में लगभग 3000 किलोमीटर तक पूर्व की ओर बहती है। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित है।**

**अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-and-vietnam-relations